आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए हैं और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने सरकाघाट में युवती हत्या मामले पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे अदालत के माध्यम से कड़ी सज़ा दिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये घटना सभी के लिए शर्मसार करने वाली है और मामले की गंभीरता को देखते हुए संवेदनशीलता के साथ जांच की जा रही है। उन्होंने महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को राज्य सरकार की प्राथमिकता बताया।

दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि पिछले 3 वर्षों में प्रदेश में आपराधिक मामले बढ़े हैं और सरकार इन्हें रोकने में नाकाम रही है।

## हिमाचल दिवस

कल हिमाचल दिवस है। राज्य स्तरीय समारोह किन्नौर ज़िला मुख्यालय रिकांगपिओ में होगा, जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेंगे। ज़िला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर होने वाले ज़िला स्तरीय समारोह में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। अन्य ज़िला मुख्यालयों पर भी हिमाचल दिवस को लेकर ज़िला स्तरीय समारोह आयोजित किए जाएंगे, जहां राज्य सरकार के मंत्री ध्वजारोहण करेंगे।

## आंबेडकर जयंती

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आज प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। डॉक्टर आंबेडकर का जन्म आज ही के दिन 1891 में मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। राज्य स्तरीय समारोह शिमला के अंबेदकर चौक पर हुआ, जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित अन्य गणमान्य लोगों ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर आंबेडकर ने सारी उम्र गरीबों, वंचितों और आरक्षित वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया।

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बचपन से ही डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा और संविधान में उन्होंने समाज के हर वर्ग को समानता का अधिकार दिया है।

<u>शहरी स्वास्थ्य प्रणाली</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला के बालूगंज में एक करोड़ 56 लाख रूपये से स्थापित विशेष शहरी स्वास्थ्य प्रणाली मेट्रोपॉलिटन सर्विलांस यूनिट का लोकार्पण किया। ये यूनिट आधुनिक तकनीक से लैस है और इसके माध्यम से आपदा या रोग प्रकोप के दौरान स्थिति का विश्लेषण करने में मदद मिलेगी मुख्यमंत्री ने बताया कि इस यूनिट की स्थापना से शिमला संक्रामक रोगों की समय पर पहचान, रोकथाम और नियंत्रण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हिमाचल देश का पहला व एकमात्र पर्वतीय राज्य है, जहां ये यूनिट स्थापित की गई है।

——————————————